>

Title: Regarding the government to send a Parliamentary Committee to West Bengal to look into the problems of para teachers.

**श्री सौमित्र खान (बिशनुपुर):** महोदय, हम लोग जब जन्म-कर्म करते हैं, तो हम लोग पिता जी और माता जी को छोड़कर जिसको गुरु जी मानते हैं, वह शिक्षक होता है । लेकिन पश्चिम बंगाल में पिछले दिनों जो एक आरएसएस कार्यकर्ता और हेडमास्टर था, उसको गोली मार दी गई है । उसके बाद 18 दिन हो गए हैं, जो पैरा टीचर है, उसकी सैलरी सिर्फ 8,000 रुपये है । यहां पर हम लोगों को जो खाना खिलाते हैं और जो ड्राइवर होते हैं, उससे भी उनकी सैलरी कम है । वे 18 दिनों से हंगर स्ट्राइक कर रहे हैं । एक पैरा टीचर की मृत्यु भी हो गई है ।

महोदय, मेरी आपसे एक विनती है कि आप पश्चिम बंगाल में एक संसदीय कमेटी भेजिए, जो वहां जाकर यह देखे कि जो लोग अनशन और हंगर स्ट्राइक कर रहे हैं, वह उन लोगों से बात करें । उनसे बात करने के बाद पश्चिम बंगाल सरकार से यह कहे कि कम से कम जो पैरा टीचर की सैलरी है, उसको बढ़ाया जाए । टीचरों के ऊपर जो अत्याचार हो रहे हैं, पश्चिम बंगाल में ऐसा हो रहा है । उनको गोली मार दी जा रही है, वह बंद होना चाहिए, ऐसी मेरी आपसे विनती है । आप वहां पर एक संसदीय कमेटी बनाकर भेजिए । मैं यही विनती करना चाहता हूं ।**…(व्यवधान)**

**माननीय अध्यक्ष :** आप जो बोलना चाहते हैं, आप बोलिए ।

…(व्यवधान)